Roll No. ....................

# 905

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2020-21

[M-2701-E]

## HINDI

## हिन्दी

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

*निर्देश –*

(1) *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है इन प्रश्नों को आरंभ में हल करना है।*

(2) *प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक के हैं, जिसकी शब्द सीमा 30 शब्द है।*

(3) *प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक के हैं, जिसकी शब्द सीमा 50 शब्द है।*

(4) *प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक के हैं, जिसकी शब्द सीमा 50 से 75 शब्द है।*

(5) *प्रश्न क्रमांक 26 व 27, 5 अंक के हैं, जिसकी शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है।*

(6) *प्रश्न क्रमांक 28 निबंधात्मक प्रश्न है, जिसकी शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है। इस प्रश्न पर निर्धारित अंक (7+3=10) है।*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए – (5×1=5)

(i) रेणु के पैदल आने पर पिता–

(क) रोते थे (ख) खुश होते थे

(ग) गुस्सा होते थे (घ) कुढ़ते भुनते थे

(ii) वर्णों के सार्थक योग को कहते हैं –

(क) शब्द (ख) वाक्य

(ग) संधि (घ) समास

(iii) रस के अंग होते हैं –

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) चार

(iv) कबीरदास जी की प्रमुख रचना है –

(क) बीजक (ख) बाइबल

(ग) ग्रंथावली (घ) दोहावली

(v) कुची – कुची शब्द का अर्थ है –

(क) नमस्ते (ख) जय हो

(ग) दया – दया (घ) भीख

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये – (5×1=5)

(i) पंचवटी ............................................काव्य है। (खण्डकाव्य / महाकाव्य)

(ii) मेरे नाना पक्के ............................................माने जाते थे। (साहब / बाबू)

(iii) जो अधिक बोलता है, उसे ............................................कहते हैं। (मितभाषी / वाचाल)

(iv) मदरसा ............................................शब्द है। (हिन्दी / अरबी)

(v) पक्षी विज्ञानी ............................................थे। (सालिम अली / जाबिर हुसैन)



https://www.mpboardonline.com

प्र.3 सत्य – असत्य लिखिए – (5X1=5)

(i) नानी के मन मे देश की आजादी के प्रति जुनून था।

(ii) किरण शब्द का पर्यायवाची रश्मि है।

(iii) महाकव्य में एक ही छंद का प्रयोग होता है।

(iv) ललद्यद कश्मीरी कवयित्री थी।

(v) ल्हासा की यात्रा बहुत सुगम थी।

प्र.4 जोड़ियाँ बनाइए – (5X1=5)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | रीढ़ की हड्डी | – | (क) अलंकार |
| (ii) | दाँत खट्टे करना | – | (ख) जंगल की आग |
| (iii) | काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व | – | (ग) ऊँची ज़मीन। |
| (iv) | दावानल | – | (घ) एकांकी |
| (v) | डाँड़ा | – | (ङ) परास्त करना |

प्र.5 एक शब्द में उत्तर दीजिए – (5X1=5)

(i) लेखिका के नाना पढ़ाई करने कहाँ गये थे?

(ii) 'गगन' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(iii) तुलसीदास जी के प्रसिद्ध महाकाव्य का नाम लिखिए।

(iv) 'रसखान' का मूल नाम क्या था?

(v) हिन्दी का उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है?

प्र.6 हमें अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये क्या – क्या कदम उठाने चाहिए? (2)

अथवा

पेड़ – पौधे हमारे लिए किस प्रकार फायदेमंद हैं?



https://www.mpboardonline.com

प्र.7 निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार छाँटकर लिखिए – (2)

(i) "पीपर पात सरिस मन डोला"।

(ii) "कूकै लगी कोइले कदंबन पै बैठि फेरि"।

**अथवा**

किन्हीं दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए –
तन, हरि, भूमि, पर्वत

प्र.8 छंद किसे कहते हैं? समझाइए। (2)

**अथवा**

काव्य की परिभाषा एवं भेद लिखिए।

प्र.9 वीरगाथा काल को आदिकाल क्यों कहते हैं? (2)

**अथवा**

आदिकाल की प्रवृत्तियाँ लिखिए।

प्र.10 इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है? (2)

**अथवा**

कबीर किस प्रकार के संत थे?

प्र.11 'मानसरोवर' से कवि का क्या आशय है? (2)

**अथवा**

कच्चे सकोरे का क्या अर्थ है?

प्र.12 अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

सवैया छंद किसे कहते हैं?



https://www.mpboardonline.com

प्र.13 ज्ञान की आँधी से पूर्व मनुष्य की मनःस्थिति कैसी थी? (2)

अथवा

मनुष्य ईश्वर को कहाँ – कहाँ ढूँढता है?

प्र.14 कवि अपनी कोठरी में उदास क्यों बैठे हैं? (2)

अथवा

कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?

प्र.15 जीवन की उमंग से बच्चे वंचित क्यों हैं? (2)

अथवा

हथकड़ियो को गहना क्यों कहा गया है?

प्र.16 कवि ने कैदी और कोकिला कविता में किस विषय पर प्रकाश डाला है? (2)

अथवा

गोपियाँ किसका रूप धारण करना चाहती हैं और क्या?

प्र.17 दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें – (3)

अंतरिक्षयान, यात्री, उड़ान

अथवा

निम्नलिखित शब्दो की संधि विच्छेद कीजिए –

स्वागत, नारीश्वर, पावक

प्र.18 दिए गए शब्दों से कहानी निर्माण कीजिए – (3)

झील, पक्षी, पेड–पौधे, तितली, बरसात, बर्फबारी, मौसम, नदी, पत्थर, मिट्टी, सूरज

अथवा

कल्पना कीजिए कि आप मंगलग्रह पर हैं। सरल शब्दों में अपनी कल्पना को कलमबद्ध कीजिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.19 महाकाव्य और खण्डकाव्य में अंतर लिखिए। (3)

अथवा

वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.20 हरिशंकर परसाई **अथवा** मुंशीप्रेमचंद जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं पर लिखिए – (4)

(1) दो रचनाएँ

(2) भाषा – शैली

(3) साहित्य में स्थान

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ प्रसंग सहित लिखिए – (4)

"वह नेपाल से तिब्बत जाने का मुख्य रास्ता है। फरी – कलिङ् पोङ् का रास्ता जब नहीं खुला था, तो नेपाल ही नहीं हिन्दुस्तान की भी चीजें इसी रास्ते तिब्बत जाया करती थीं। वह व्यापारिक ही नहीं सैनिक रास्ता भी था, इसलिए जगह – जगह फौजी चौकियों और किले बने हुए हैं, जिसमें कभी चीनी पलटन रहा करती थी।"

अथवा

"दोनों दिन – भर जोते – जाते, डण्डे खाते, अड़ते। शाम को थान पर बाँध दिये जाते और रात को वही बालिका उन्हें दो रोटियाँ खिला जाती। प्रेम के इस की यह बरकत थी कि दो – दो गाल सूखा भूसा खाकर भी दोनों दुर्बल न होते थे मगर दोनों की आँखों में, रोम – रोम में विद्रोह भरा हुआ था।"

प्र.22 कहानी एवं उपन्यास में अंतर लिखिए। (4)

अथवा

एकांकी एवं नाटक में अंतर लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.23 कबीरदास जी अथवा माखनलाल चतुर्वेदी जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं पर लिखिए – (4)

(1) रचनाएँ

(2) भावपक्ष – कलापक्ष

(3) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या संदर्भ, प्रसंग, सहित लिखिए। (4)

"प्रेमी दूँढ़त मैं फिरौं, प्रेमी मिले न कोइ।

प्रेमी कौं प्रेमी मिलै, सब विष अमृत होइ।।"

अथवा

"खा – खाकर कुछ पाएगा नहीं, न खाकर बनेगा अहंकारी।

सम खा तभी होगा समभावी, खुलेगी सॉंकल बंद दवार की।"

प्र.25 भक्तिकाल की विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

सगुण भक्ति की प्रमुख धाराएं लिखिए एवं प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

प्र.26 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

(एकल परिवारों के चलने से मित्रता का महत्त्व और अधिक बढ़ा है।) सयुक्त परिवारों के अभाव में विपरीत परिस्थितियाँ मित्रता की माँग करती हैं। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है अतः उसके सामाजिक विकास में मित्र की अहम् भूमिका है। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है, मैत्री में सबसे आवश्यक है परस्पर विश्वास।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) मित्रता का महत्त्व अब क्यों बढ़ गया है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.27 अपने प्राचार्य महोदय को स्थानांतरण प्रमाण – पत्र प्राप्त करने हेतु पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन पर बधाई – पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए– (7)

(i) विद्यार्थी जीवन

(ii) समाचार पत्रों का महत्त्व

(iii) राष्ट्रीय पर्व

(iv) विज्ञान के चमत्कार

(v) जल ही जीवन है

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए– (3)

(i) मेरा प्रिय खेल

(ii) साहित्य और समाज

(iii) पुस्तकालय का महत्त्व

(iv) पर्यावरण प्रदूषण

(v) स्वच्छता अभियान

---



https://www.mpboardonline.com